निबंधन संख्या पी0टी0-40

सत्यमेव जयते

बिहार गजट
असाधारण अंक
बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

6 आषाढ़ 1941 (श0)

(सं0 पटना 736) पटना, बृहस्पतिवार, 27 जून 2019

केन्द्रीय परीक्षा समिति, राजस्व पर्षद, बिहार

अधिसूचना

26 जून 2019

सं० 02/परी0–01(राज0)–12/2018–1174––सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या– 14393 दिनांक 15.11.2017 द्वारा विभिन्न विभागीय परीक्षाओं का आयोजन एवं समय–समय पर पाठ्यक्रम में यथा संशोधन का दायित्व केन्द्रीय परीक्षा समिति, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना को प्रदान किया गया है। उक्त आलोक में राजपत्रित पदाधिकारियों/कर्मचारियों की विभागीय परीक्षा के लिए पर्षदीय अधिसूचना संख्या–2931 दिनांक 01.12.2017 द्वारा पुनरीक्षित पाठ्यक्रम में विषय, विषय कोड एवं परीक्षा अवधि निर्धारित किया गया है।

दिनांक 14.05.2019 को केन्द्रीय परीक्षा समिति की आयोजित बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में राजपत्रित/अराजपत्रित पदाधिकारियों/कर्मचारियों के लिए निर्धारित परीक्षा की अवधि, विषय कोड–02, कम्प्यूटर की व्यवहारिक जानकारी (Functional Knowledge of Computer) की परीक्षा प्रणाली एवं बिहार उत्पाद सेवा के नाम में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता हैं।

1. पर्षदीय अधिसूचना संख्या–2931 दिनांक 01.12.2017 द्वारा अधिसूचित विषय कोड –02 कम्प्यूटर की व्यवहारिक जानकारी (Functional Knowledge of Computer) हेतु पूर्व निर्धारित Offline विभागीय परीक्षा के स्थान पर बेल्ट्रॉन (BELTRON) एवं NIELIT द्वारा आयोजित किये जाने वाले Online कम्प्यूटर परीक्षा के अनुरूप Online परीक्षा निर्धारित किया जाता है।

2. Computer Based Test विभागीय परीक्षा के लिये पूर्व में निर्धारित परीक्षा अवधि 3 घंटे के स्थान पर 2.30 घंटे निर्धारित किया जाता है।

3. पर्षदीय अधिसूचना संख्या–2931, दिनांक 01.12.2017 द्वारा पूर्व अधिसूचित सेवा संवर्ग में बिहार उत्पाद सेवा के स्थान पर बिहार मद्य निषेध सेवा अधिसूचित किया जाता है।

4. अधिसूचना में सामान्य प्रशासन विभाग की सहमति प्राप्त हैं।

केन्द्रीय परीक्षा समिति,
राजस्व पर्षद, बिहार के आदेशानुसार
सुरेन्द्र झा,
सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 736-571+10 डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in